अमर उजाला 03/05/2023

# शिविर में 360 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



शिविर में जांच करते डॉक्टर। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 360 से अधिक लोगों ने सेहत की जांच करवाई।

मुख्य अतिथि के रूप में कॉमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजीव कुमार 1 हरियाणा एनसीसी बटालियन, एनसीसी एडम ऑफिसर कर्नल प्रेम सिंह 2 हरियाणा बटालियन और प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त उपस्थित रहे।

मेदांता अस्पताल से आंतरिक चिकित्सा विभाग के डॉ. ईशान वंदन व कॉर्डियो स्पेशलिस्ट डॉक्टर महजूबा रोशन मजूमदार ने सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर एनसीसी बॉयज विंग के इंचार्ज कैप्टन डॉ. एसएस नैन, एनसीसी गर्ल्स विंग की इंचार्ज डॉ. अनुपमा सिहाग मौजूद रहे। मंच का संचालन डॉ. अमित कुमार ने किया।